

॥ पंचायती राज अमर रहे ॥

कार्यालय ग्राम पंचायत देवगांव

जनपद पंचायत छपारा, जिला-सिवनी (म.प्र.)

चंदनलाल धुर्वे
सरपंच
ग्राम पंचायत देवगांव

पता - देवगांव
वि.ख. छपारा जिला-सिवनी (म.प्र.)

मो.- 7566653464

क्र. ....

दिनांक 20/06/2025

प्रति

श्रीमान विधायक महोदय जी
कार्या. विधानसभा 115 सिवनी

विषय - शिक्षक श्री संतोष कुमार जुम्हारे मा.शि. हाई. देवगांव का स्थानांतरण रुकवाने बाबद।

माननीय महोदय जी,

निवेदन है कि शास. हाई स्कूल देवगांव से श्री संतोष कुमार जुम्हारे मा.शि. विषय गणित का स्थानांतरण गोरखपुर मा. शाला कर दिया गया है। जो कि संस्था एवं बच्चों के भविष्य के हित में नहीं है। इससे यहां की संस्था में गणित विषय का शिक्षक ना होने से बच्चे पढ़ाई प्रभावित होगी

अतः स्थानांतरण रुकवाने का कष्ट करें।

चंदनलाल धुर्वे
सरपंच
ग्राम पंचायत देवगांव
जन.पं. छपारा, जिला सिवनी



कार्यालय प्राचार्य शास. हाई स्कूल - देवगांव वि.ख.- छपारा जिला-सि.

क्रमांक / 9 /स्था./2025, देवगांव दिनांक-19-06-202

प्रति,
श्रीमान सहायक आयुक्त महोदय
जनजातीय कार्य एवं अनु.जाति विकास - सिवनी

विषय:- श्री संतोष कुमार जुम्हारे, मा.शि. विषय- गणित, के स्थानांतरण के संबंध में।

संदर्भ:- आपके सर्वाधिनस्थ पत्र क्रमांक estb/2230/2025/7, दिनांक - 16-06-2025।

"उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्रानुसार श्री संतोष कुमार जुम्हारे मा.शि., विषय - गणित, पदस्थ संस्था - शास. हाई स्कूल - देवगांव का स्थानांतरण :- शास. मा. शाला - गोरखपुर, वि.ख.- छपारा कर दिया गया है। तथा इनके स्थान पर किसी अन्य मा.शि. विषय - गणित को पदस्थ न किये जाने से संस्था में गणित विषय का पद रिक्त होने से उस विषय का अध्यापन कार्य एवं अन्य कम्प्यूटर संबंधी कार्य जो कि इनके द्वारा संपादित किये जाते थे प्रभावित होंगे।

"अतः इन्हें कार्यमुक्त न किये जाने हेतु निवेदन छात्र हित एवं संस्था हित में होगा।

19/6/25
PRINCIPAL
Govt.H.S.Devgaon
Chhapara Distt.Seoni



प्रति,

श्रीमान सहायक आयुक्त महोदय,
जन जातीय विभाग सिवनी

विषय- गणित विषय के शिक्षक श्री संतोष कुमार जुम्हारे का ट्रांसफर रोकने बावद।

हम समस्त ग्रामवासी / पालक / छात्र आपसे निवेदन करते हैं कि गणित विषय के शिक्षक श्री संतोष कुमार जुम्हारे का ट्रांसफर होने से बच्चे परेशान हो रहे हैं और हमारे बच्चों का जीवन अंधकारमय हो जायेगा जी। शिक्षक योग्य हैं, कार्य व्यवहार अच्छा है एम. एस. गणित मेडल प्राप्त हैं, मिलन सार, बच्चों की पढ़ाई में महत्वपूर्ण योगदान रहा है साथ ही कम्प्यूटर में काम करने में निपुण हैं, हम इससे पहले भी एक महीने से आफिस के चक्कर काट रहे हैं लेकिन हमें सिर्फ आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला अतः हम बहुत परेशान हो चुके हैं। इसलिए हम पुनः बच्चों के आग्रह करने पर आपके पास आये हैं, अतः महोदय जी से विनम्र प्रार्थना है कि हमारी और बच्चों की समस्या को ध्यान में रखते हुए तत्काल इसका निराकरण करने की कृपा करें जी.

समस्त बालक / बालिकाएं
① सुमन विश्वकर्मा
② रंजना धोहुरे
③ नंदनी पन्द्रे

समस्त पालक गण
① बीजन काकोडिया
② ईश्वरदास विश्वकर्मा
③ शंकर धुर्वे